दुर्लभ, लुप्तप्राय, संकटग्रस्त और आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण प्रजातियों का संरक्षण एवं प्रसार तकनीक पर प्रशिक्षण (07-10.10.2025)

Conservation and Propagation Techniques of RET and Economically Important species (07-10.10.2025)

भा.व.अ.शि.प. (ICFRE) – उष्ण कटिबन्धीय वन अनुसन्धान संस्थान (Tropical Forest Research Institute), जबलपुर एवं राज्य वन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में "दुर्लभ, लुप्तप्राय एवं संकटग्रस्त तथा आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण प्रजातियों का संरक्षण एवं प्रसार तकनीकें" पर चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न वनमंडलों के परिक्षेत्र एवं उप परिक्षेत्र अधिकरियों द्वारा भाग लिया जा रहा हैं I कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य दुर्लभ, लुप्तप्राय, संकटग्रस्त तथा आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण प्रजातियों का संरक्षण एवं प्रसार तकनीक पर वन विभाग के अगली पंक्ति के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का क्षमता निर्माण करना हैI मुख्य अतिथि श्री मनिवासगन, मुख्य वन संरक्षक, छत्तीसगढ़ राज्य वन विभाग, ने जैव विविधता के संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए अकाष्ठ वनोपज के सतत् विदोहन, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन एवं आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण प्रजातियों के नर्सरी तकनीकों पर प्रतिभागियों की ज्ञान क्षमता बढाने हेतु संस्थान द्वारा रायपुर आकर प्रशिक्षित करने के लिए सराहाI श्रीमती निर्मला खेस, संयुक्त संचालक, राज्य वन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा लुप्तप्राय प्रजातियों के संरक्षण कार्य पर बल दिया गयाI डॉ नसीर मोहम्मद, प्रशिक्षण कार्यक्रम समन्वयक ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला एवं सह समन्वयक डॉ हरिओम सक्सेना ने धन्यबाद ज्ञापन कियाI

October 7, 2025

STATE FOREST RESEARCH & TRAINING INSTITUTE

दुर्लभ, लुप्तप्राय एवं संकटग्रस्त RET और आर्थिक रूप से
महत्वपूर्ण प्रजातियों का संरक्षण और प्रसार तकनीक
Conservation and Propagation Techniques of RET
and Economic Important species

दुर्लभ, लुप्तप्राय एवं संकटग्रस्त RET और आर्थिक रूप से
महत्वपूर्ण प्रजातियों का संरक्षण और प्रसार तकनीक
Conservation and Propagation Techniques of RET
and Economically Important species

October 7, 2025